RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

Class 12th HISTORY

राजा, किसान और नगर

RAPID REVISION



वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.1 सन् 1838 ई. में अशोककालीन ब्राह्मी लिपि का अर्थ किसने निकाला था?

A अलेक्जेंडर कनिंघम

B जेम्स प्रिंसेप → ब्राह्मी + खरोष्ठी

C कोलिन मैकेंज़ी

D डी.सी. सरकार

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.2 बौद्ध और जैन धर्म के आरंभिक ग्रंथों में कितने महाजनपदों का उल्लेख मिलता है?



A बारह

B आठ

C सोलह

D दस

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.3 प्राचीन भारत में 'गण' और 'संघ' की शासन व्यवस्था की प्रमुख विशेषता क्या थी?



(A) केवल एक राजा का शासन

(B) कई व्यक्तियों के समूह का शासन

(C) केवल पुरोहितों का शासन

(D) केवल व्यापारियों का शासन

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.4 धर्मशास्त्रों के अनुसार शासकों से किस वर्ण का होने की अपेक्षा की जाती थी?

A ब्राह्मण

B क्षत्रिय

C शिल्पकार

D व्यापारी

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

लोहे

Q.5 मगध के शक्तिशाली महाजनपद बनने में उपकरण और हथियार निर्माण के लिए कौन-सा प्राकृतिक संसाधन विशेष रूप से सहायक था?

A सोने की खदानें

B लोहे की खदानें

C ताँबे की खदानें

D चाँदी की खदानें

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.6 मगध महाजनपद की प्रारंभिक राजधानी कौन-सी थी?

बिहार

(A) पाटलिपुत्र → पटना

(B) उज्जयिनी → अवन्ती

(C) राजगीर ✓

(D) तक्षशिला → गांधार

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न



Q.7 मौर्य साम्राज्य का कौन-सा प्रांतीय केंद्र सोने की खदानों के कारण महत्त्वपूर्ण था?

A तक्षशिला

B उज्जयिनी

C तोसलि

D सुवर्णगिरि

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.8 सम्राट असोक ने अपने शासन के कितने वर्ष पूरे करने के बाद कलिंग पर विजय प्राप्त की थी?

A चार वर्ष

B छह वर्ष

C आठ वर्ष

D दस वर्ष

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.9 सम्राट असोक ने धम्म के प्रचार के लिए किन विशेष अधिकारियों की नियुक्ति की थी?

(A) ग्राम प्रधान

(B) धम्म महामात्त → धम्म का प्रचार

(C) राजदूत

(D) स्थानीय राज्यपाल

1 Mark

Q.10 प्राचीन तमिलकम क्षेत्र में किन तीन प्रमुख सरदारियों का उदय हुआ था?

(A) मगध, कोशल और वज्जि → मकज

(B) कुरु, पांचाल और गांधार

(C) चोल, चेर और पाण्ड्य

(D) शक, कुषाण और सातवाहन

1 Mark

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

सरदारियो

- कबीले (समूह) → मुखिया - सरदार
- कर ×
- भेंट ✓
- सेना → (भाई - बंधु)

① चोल
② चेर
③ पाण्ड्य



वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.11 प्राचीन भारत में सरदार अपने अधीन लोगों से मुख्यतः क्या प्राप्त करते थे?



(A) कर

(B) भेंट

(C) भूमिदान

(D) उपाधियाँ

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.12 किस जातक कथा में कुटिल राजा से परेशान प्रजा के गाँव छोड़कर जंगल में बसने का वर्णन मिलता है?

(A) गंदतिन्दु जातक

(B) पंचतंत्र

(C) हर्षचरित

(D) अर्थशास्त्र

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.13 गंगा घाटी में किस फसल की रोपाई से कृषि उपज में भारी वृद्धि हुई थी?



A गन्ना

B धान

C अलसी

D जौ

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.14 उपमहाद्वीप के पूर्वोत्तर और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में खेती के लिए मुख्यतः किस उपकरण का प्रयोग किया जाता था?

A लोहे के फाल वाला हल

B कुदाल

C दराँती

D कुल्हाड़ी

1 Mark

Q.15 आरंभिक तमिल संगम साहित्य में बड़े जमींदारों को किस नाम से जाना जाता था?



(A) उल्चर

(B) अणिमई

(C) वेल्लालर

(D) सत्थवाह

बड़े व्यापारी

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.16 प्राचीन भारत में 'अग्रहार' किसे कहा जाता था?

A राजाओं द्वारा निर्मित किलेबंद नगर

B ब्राह्मणों को दान में दी गई करमुक्त भूमि

C व्यापारियों के सामान रखने का स्थान

D सैनिकों के प्रशिक्षण का केंद्र

1 Mark

CC II समुद्रगुप्त प्रभावती गुप्त

Q.17 प्रभावती गुप्त के भूमिदान अभिलेख में किस गाँव को दान देने का उल्लेख मिलता है?

A पाटलिग्राम ✗

B दंगुन

C कोडुमनाल ✗

D राजगाह ✗

गाँव.

अभिलेख.

आचार्य चनालस्वामी

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.18 प्राचीन भारत का कौन-सा नगर समुद्रतट पर स्थित था, जहाँ से समुद्री व्यापार मार्ग प्रारंभ होते थे?

(A) उज्जयिनी

(B) पाटलिपुत्र

(C) पुहार

(D) मथुरा

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.19 आरंभिक ऐतिहासिक नगरों से प्राप्त चमकदार कलई चढ़े मिट्टी के कटोरों और थालियों को क्या कहा जाता है? NBW

A उत्तरी कृष्ण मार्जित पात्र

B आहत सिक्के

C ताम्रपत्र

D पाषाण अभिलेख

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.20 प्राचीन भारत में शिल्पकारों और व्यापारियों के संघ को क्या कहा जाता था?

(A) अग्रहार

(B) गहपति

(C) श्रेणी

(D) महाजनपद

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.21 छठी शताब्दी ई.पू. में सर्वप्रथम प्रचलन में आए आहत सिक्के किन धातुओं के बने थे?

(A) सोने और चाँदी के

(B) चाँदी और ताँबे के

(C) ताँबे और लोहे के

(D) सोने और कांस्य के

1 Mark

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.22 प्राचीन रोमन साम्राज्य में भारत के किस मसाले की भारी माँग थी?

A हल्दी

B इलायची

C काली मिर्च

D दालचीनी

1 Mark

Q.23 प्राचीनतम भारतीय अभिलेख मुख्यतः किस भाषा में लिखे जाते थे?

A संस्कृत

B प्राकृत → जन सामान्य (सभी)

C पालि

D तमिल

1 Mark

Q.24 अभिलेखों से प्राप्त ऐतिहासिक साक्ष्यों की एक प्रमुख सीमा क्या है?

(A) इनमें केवल व्यापारिक मार्गों का उल्लेख मिलता है।

(B) इनमें कभी शासकों के क्रियाकलापों का विवरण नहीं मिलता है।

(C) इनमें प्रायः दैनिक कृषि प्रक्रियाओं तथा सामान्य लोगों के सुख-दुख का विवरण नहीं मिलता है।

(D) इनमें धार्मिक संस्थाओं को दिए गए दान का कोई उल्लेख नहीं मिलता है।

1 Mark



Q.1 सिक्कों से क्या ऐतिहासिक जानकारियाँ प्राप्त होती हैं?

RBSE-2024

उत्तर :

1. **वाणिज्यिक प्रयोग** — सिक्कों से व्यापार के संभावित क्षेत्रों का पता चलता है।
2. **राजवंशों की जानकारी** — प्रतीकों, शासकों के नाम और प्रतिमाओं से राजाओं की पहचान होती है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

3. व्यापारिक संबंध — रोमन सिक्कों से दूरवर्ती व्यापारिक तंत्र की जानकारी मिलती है।
4. विनिमय — सोने के सिक्के बहुमूल्य एवं बड़ी मात्रा में वस्तुओं के विनिमय का संकेत देते हैं।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.2 छठी शताब्दी ई. से सोने के सिक्के मिलने कम क्यों हो गए? RBSE-2022

उत्तर :

1. एक मत के अनुसार रोमन साम्राज्य के पतन के बाद दूरवर्ती व्यापार में कमी आई।
2. दूसरे मत के अनुसार नए नगर एवं व्यापार के नवीन तंत्र विकसित हुए।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

3. संभव है कि सिक्के प्रचलन में बने रहे, इसलिए उनका संग्रह नहीं किया गया और वे कम मिले।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

Q.3 मौर्य साम्राज्य के प्रमुख राजनीतिक केन्द्र कौन-कौन से थे?

Model paper-2025

उत्तर :

1. पाटलिपुत्र — साम्राज्य की राजधानी।
2. चार प्रांतीय केंद्र — तक्षशिला, उज्जयिनी, तोसलि एवं सुवर्णगिरि।
3. इन सभी केंद्रों का उल्लेख अशोक के अभिलेखों में मिलता है।


व्यापारिक सुरक्षा
तक्षशिला
1
राजधानी
पाटलिपुत्र
5
2
उज्जैयनी
व्यापार
3
सुवर्णगिरी
सोने
4
तोसाली
(कलिंग)
कृषि

Q.4 मेगस्थनीजद्वारा सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए उल्लेख की गई छः उपसमितियों के नाम बताइए।

Model paper-2025

उत्तर :

1. नौसेना
2. यातायात एवं खान-पान
3. पैदल सैनिक
4. अश्वारोही
5. रथारोही
6. हाथी

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

Q.1 मौर्य वंश की जानकारी किन स्त्रोतों से प्राप्त होती है? लिखिए। RBSE-2024

उत्तर :

1. **पुरातात्विक प्रमाण** — विशेष रूप से मूर्तिकला।
2. **मेगस्थनीज का विवरण** — चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में आए यूनानी राजदूत का विवरण।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

3. **अर्थशास्त्र** — इसके कुछ भागों की रचना कौटिल्य अथवा चाणक्य द्वारा मानी जाती है।
4. **जैन, बौद्ध एवं पौराणिक ग्रंथ** — मौर्य शासकों का उल्लेख मिलता है।
5. **संस्कृत वाङ्मय** — मौर्य इतिहास के पुनर्निर्माण में उपयोगी।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

6. **अशोक के अभिलेख** — पत्थरों और स्तंभों पर प्राप्त अभिलेख सबसे मूल्यवान स्त्रोत माने जाते हैं।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER



Q.2 मौर्य साम्राज्य के प्रमुख राजनीतिक केन्द्रों के बारे में लिखिए। RBSE-2024

उत्तर :

1. मौर्य साम्राज्य के पाँच प्रमुख राजनीतिक केंद्र थे।
2. पाटलिपुत्र — साम्राज्य की राजधानी।
3. तक्षशिला, उज्जयिनी, तोसलि और सुवर्णगिरि — चार प्रांतीय केंद्र।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

4. तक्षशिला एवं उज्जयिनी महत्वपूर्ण लंबी दूरी के व्यापारिक मार्गों पर स्थित थे।
5. सुवर्णगिरि कर्नाटक की सोने की खदानों के कारण महत्वपूर्ण था।
6. इन केंद्रों पर प्रशासनिक नियंत्रण अपेक्षाकृत अधिक प्रबल था।

Q.3 मेगस्थनीज द्वारा उल्लेखित मौर्यकालीन सैन्य प्रशासन का वर्णन कीजिए। RBSE-2023

उत्तर :

1. सैन्य गतिविधियों के संचालन के लिए एक समिति एवं छः उपसमितियाँ थीं।
2. पहली उपसमिति– नौसेना का संचालन।
3. दूसरी– यातायात एवं खान-पान की व्यवस्था।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

4. तीसरी– पैदल सैनिकों का संचालन।
5. चौथी– अश्वारोहियों का संचालन।
6. पाँचवीं– रथारोहियों का संचालन।
7. छठी– हाथियों का संचालन।
8. दूसरी उपसमिति बैलगाड़ियों, सैनिकों के भोजन, पशुओं के चारे तथा सेवकों और शिल्पकारों की व्यवस्था भी करती थी।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

Q.4 अभिलेखों से जानकारियाँ प्राप्त करने में किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है?

RBSE-2022

उत्तर :

1. **अस्पष्ट उत्कीर्णन—** अक्षर हल्के खुदे होने के कारण उन्हें पढ़ना कठिन होता है।
2. **अभिलेखों का नष्ट होना—** समय के साथ अक्षर लुप्त हो जाते हैं।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

3. **अर्थ समझने की समस्या**— कुछ शब्दों के अर्थ विशेष स्थान या समय से संबंधित होते हैं, इसलिए वास्तविक अर्थ जानना कठिन होता है।



दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

Q.5 सोलह महाजनपदों में मगध के उत्थान के कोई तीन कारण लिखिए। RBSE-2022

उत्तर :

1. **उपजाऊ भूमि** — कृषि उत्पादन विशेष रूप से अच्छा था।

2. **लोहे की उपलब्धता** — निकटवर्ती क्षेत्रों की लोहे की खदानों से उपकरण और हथियार बनाना आसान था।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

3. **हाथियों की उपलब्धता** — जंगलों से सेना के लिए हाथी मिलते थे।
4. **सुगम परिवहन** — गंगा एवं उसकी उपनदियों से आवागमन सस्ता और सुलभ था।
5. **महत्त्वाकांक्षी शासक** — बिंबिसार, अजातसत्तु और महापद्मनंद की नीतियों ने मगध को शक्तिशाली बनाया।

Q.6 मौर्य साम्राज्य के प्रशासन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। Model paper-2024

उत्तर :

1. मौर्य साम्राज्य के **पाँच प्रमुख राजनीतिक केंद्र** थे- पाटलिपुत्र, तक्षशिला, उज्जयिनी, तोसलि और सुवर्णगिरि।
2. विशाल साम्राज्य में प्रशासनिक नियंत्रण **समान नहीं** था।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

3. राजधानी और प्रांतीय केंद्रों पर नियंत्रण अधिक प्रबल था।
4. अधिकारी नदियों की देखरेख, भूमि मापन, सिंचाई और कर वसूली करते थे।
5. सैन्य संचालन के लिए एक समिति एवं छः उपसमितियाँ थीं।
6. अशोक ने धम्म के प्रचार के लिए धम्म महामात्त नियुक्त किए।

Q.7 सुदर्शन झील पर एक टिप्पणी लिखिए।

Model paper-2024

उत्तर :

1. सुदर्शन झील एक कृत्रिम जलाशय थी।
2. इसका उल्लेख शक शासक रुद्रदमन के पाषाण अभिलेख में मिलता है।
3. इसका निर्माण मौर्य काल में एक स्थानीय राज्यपाल ने करवाया था।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

4. भीषण तूफान से इसके तटबंध टूट गए थे।
5. रुद्रदमन ने अपने खर्चे से इसकी मरम्मत करवाई और प्रजा से कोई कर नहीं लिया।
6. बाद में गुप्त वंश के एक शासक ने इसकी पुनः मरम्मत करवाई।

Q.8 सोलह महाजनपदों में प्रथम मगध के विकास के कारणों को स्पष्ट कीजिए। Model paper-2023

उत्तर :

1. उपजाऊ भूमि — मगध में कृषि की उपज विशेष रूप से अच्छी थी।
2. लोहे की खदानें — उपकरण और हथियार बनाना सरल था।

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न

3. **हाथियों की उपलब्धता** — सेना के लिए जंगली क्षेत्रों से हाथी मिलते थे।
4. **गंगा एवं उपनदियाँ** — आवागमन सस्ता और सुलभ था।
5. **महत्त्वाकांक्षी शासक** — बिंबिसार, अजातसत्तु और महापद्मनंद की नीतियों ने मगध की शक्ति बढ़ाई।